## भारत सरकार की महत्वपूर्ण जल जीवन मिशन के कियान्वयन हेतु जनपद–शाहजहाँपुर में गठित जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन (DWSM) समिति की दिनांक 04.03.2024 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन नमामि गंगे जलपूर्ति अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या 95/छियत्तर–1–2020--20 स्वजल/2010 टी0सी0ए0–अ0 लखनऊ दिनांक 21.01.2020 के द्वारा पेयजल एंव स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्गत दिशा निर्देशो के अनुरूप जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ़ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यकमों के प्रभावी कियान्वन तथा मूल्याकंन तथा उनके अनुश्रवण हेतु जनपद स्तर पर गठित जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन समिति की बैठक दिनांक 04.03.2024 को कलेक्टेट स्थित सभागार, शाहजहाँपुर में आयोजित की गयी है। जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | जिलाधिकारी, शाहजहाँपुर | अध्यक्ष |
| 2 | जिला विकास अधिकारी, शाहजहाँपुर | सदस्य |
| 3 | प्रभागीय वनाधिकारी स्वयं अथवा उनके नामित सदस्य | सदस्य |
| 4 | अधिशासी अभियंता, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) शाहजहाँपुर | सदस्य सचिव |
| 5 | श्री दर्शन लाल सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) शाहजहाँपुर | |
| 6 | श्री धनावत गणेश प्रतिनिधि, मै0 एन0सी0सी0 लि0, शाहजहाँपुर | |
| 7 | श्री आशीष रंगारी (डी0पी0एम0) मै0 बी0एल0जी0, शाहजहाँपुर | |
| 8 | श्री आशुतोष पारिख (सेफ्टी इंजीनियर) मै0 बी0एल0जी0, शाहजहाँपुर | |
| 9 | श्री दीपेन्द्र सिंह (जिला समन्वयक) डी0पी0एम0यू0, शाहजहाँपुर | |
| 10 | श्री नीतिश तिवारी (डिजाइन कोआर्डिनेटर) डी0पी0एम0यू0, शाहजहाँपुर | |
| 11 | श्री सुजीत प्रजापति (जी0आई0एस एक्सपर्ट) डी0पी0एम0यू0, शाहजहाँपुर | |
| 12 | श्री राघवेन्द्र सिंह (एम0आई0एस0) डी0पी0एम0यू0, शाहजहाँपुर | |
| 13 | श्रीमती स्वप्निल मिश्रा (आई0एस0ए0/आई0ई0सी0 कोआर्डिनेटर) डी0पी0एम0यू0, शाहजहाँपुर। | |
| 14 | श्री रामलाल मीणा (जिला समन्वयक), मै0 राजस्थान हयूमन केयर फाउन्डेशन | |
| 15 | श्री दीपक शुक्ला (जिला समन्वयक),मै0 भूषण सेवा संस्थान, लखनऊ | |
| 16 | श्री गोपाल गुप्ता (टीम लीडर),मै0 भावना सेवा संस्थान, लखीमपुर खीरी | |
| 17 | श्री कुश पाठक (टीम लीडर), पी0एस0 सेवा समिति, लखनऊ | |
| 18 | श्री विजय बहादुर सिंह (जिला समन्वयक), मै0 विलसन ग्रीन अहमदाबाद | |
| 19 | श्री शहनवाज अहमद (जिला समन्वयक), मै0 विंग्स, लखनऊ | |

बैठक में कार्यरत फर्म मै0 एन0सी0सी0 लि0 शाहजहाँपुर द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा के दौरान निम्न निर्देश दिये गये।

1. बैठक में समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि जनपद मे 861 ओवर हैड टैंक (शिरोपरि जलाशय)के लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 115 ओवर हैड टैंक (शिरोपरि जलाशय) का कार्य पूर्ण है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा शेष व्यक्त हुये प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया तथा अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को फर्म के विरूद्व नोटिस देने हेतु निर्देशित किया गया।

2. जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा ओ0एच0टी0 कैम्पस के रखरखाव एंव संचालन हेतु तैनात किये गये विलेज सुपरवाईजर का नाम, तैनाती स्थल, मो0नं0 तथा वेतन एंव योग्यता की सूची अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) के माध्यम से जिला पेयजल स्वच्छता मिशन को प्रेषित की जायें।
3. जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल निगम ग्रामीण खण्ड़ कार्यालय मे तैनात प्रत्येक अवर अभियंता को 5 योजनाओ का भ्रमण कर आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।
4. जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 एन0सी0सी0 के रोड रिस्टेमेन्ट कार्यो की समीक्षा की गयी, प्रस्तुतीकरण मे नगला पिपरिया एंव महमूदपुर सैजनिया की पुर्नस्थापना मानक अनुरूप नही पायी गयी, जिसे पुनः सही कराने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त के अतिरिक्त अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि फर्म द्वारा प्रस्तुत किये जा रहे रिस्टेटमेन्ट सम्बन्धी बीजको का भुगतान तभी किया जायें, जब फर्म के प्रतिनिधि सम्बन्धित ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान से शत प्रतिशत रिस्टेटमेन्ट पूर्ण होने का प्रमाण पत्र एंव सम्बन्धित ग्रामो की रिस्टेटमेन्ट की फोटोग्राफ सम्बन्धित पत्रावली हार्ड कापी व साफ्ट कापी बिल के साथ प्रस्तुत की जायें।
5. जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म मै0 एन0सी0सी0 लि0 को पाइप पेयजल योजनाओ मे शतत जलापूर्ति (Regular Water Supply),शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण करने, हर घर जल प्रमाणीकरण सम्बन्धित कार्यो की गति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया।

उक्त के कम मे जनपद मे तैनात आई0एस0ए0 के कार्यो की समीक्षा की गयी। जिसमे निम्न निर्देश दिये गयेः—

1. आई0एस0ए0 द्वारा करायी जा रही सार्वजनिक बैठके यथासम्भव सरकारी स्कूल मे न कराकर पंचायत भवन अथवा सार्वजनिक स्थलो पर करायी जायें।
2. आई0एस0ए0 द्वारा करायी जा रही बैठको मे ज्यादा से ज्यादा ग्रामवासियो का प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें तथा करायी जा रही बैठको कम से कम मे 80 लोगो का प्रतिभाग करवाना सुनिश्चित करें।
3. सभी आई0एस0ए0 एजेन्सियों द्वारा क्लस्टरवार तैनात किये गये कर्मचारियों की सूची कार्यालय अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), शाहजहॉपुर को उपलब्ध कराये तथा उनकी समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता मे कराना सुनिश्चित करें।
4. मै0 राजस्थान हयूमन केयर फाउन्डेशन, जयपुर के जिला समन्वयक श्री रामलाल द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान मे अधिकांश ग्राम पंचायतो मे पानी की शतत आपूर्ति न होने के कारण ग्रामीणो द्वारा जल शुल्क जमा नही किया जा रहा है जैसे की महुराइन एंव ब्यौर ग्राम पंचायत ब्लाक सिधौली।

तदकम मे जनपद मे तैनात आई0एस0ए0 के कार्यो की समीक्षा की गयी। जिसमे निम्न निर्देश दिये गये:–

1. जिलाधिकारी महोदय की समीक्षा के दौरान संज्ञान मे आया कि आई0ई0सी0 एजेन्सी का कार्य आवंटन राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन द्वारा किया जाता है, जिसके उपरान्त समस्त खण्ड़ विकास अधिकारी/सहायक विकास अधिकारी को जल निगम स्तर से पत्र लिखकर सूचित किया जाता, आई0ई0सी0 एजेन्सी द्वारा कराये जा रहे कार्यो का अनुश्रवण जनपद मे तैनात आई0एस0ए0/आई0ई0सी0 कोआर्डिनेटर डी0पी0एम0यू0 द्वारा किया जाता है तथा कार्यो के उपरान्त कार्यो का सत्यापन खण्ड़ विकास अधिकारी/सहायक विकास अधिकारी स्तर से कराकर राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन द्वारा भुगतान किया जाता है। इस प्रकिया मे करायी गयी गतिविधियॉ जिला पेयजल स्वच्छता समिति के संज्ञान मे नही आ पाती है जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन को उक्त के सम्बन्ध मे पत्र देने हेतु निर्देशित किया गया।
2. जिलाधिकारी महोदय द्वारा आई0ई0सी0 एजेन्सियों को उनके द्वारा कराये जा रहे कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एंव मानक अनुरूप कराने हेतु निर्देशित किया गया जिससे आम जनमानस मे जल जीवन मिशन के सम्बन्ध मे जागरूकता पहुॅच सके।

अंत मे बैठक को सधन्यवाद समाप्त किया गया।

सहायक अभियंता
खण्ड़ कार्यालय
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
शाहजहॉपुर।
सदस्य

अधिशासी अभियंता
खण्ड़ कार्यालय
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
शाहजहॉपुर।
सदस्य

प्रभागीय वनाधिकारी स्वंय अथवा
उनके नामित सदस्य
शाहजहॉपुर।

जिला विकास अधिकारी,
शाहजहॉपुर।

जिला विकास अधिकारी
शाहजहॉपुर

जिलाधिकारी, (अध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
शाहजहॉपुर।